आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1750बजे

ऑप्रेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र बलों ने, पाकिस्तान की लगातार बढ़ती और भड़काऊ कार्रवाइयों के जवाब में उसके तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान और नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। भारतीय लड़ाकू विमानों ने हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान जैसे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों की ओर बढ़ते देखा गया है, जिसका स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान स्थिति को और बिगाड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों का तत्परता और प्रभावी तरीके से जबाव दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने पसूर और सियालकोट एयरबेस पर रडार साइटों को भी निशाना बनाया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार और लड़ाकू विमानों से पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने इन हमलों को प्रभावकारी तरीके से नाकाम कर दिया है।

*पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझ कर निशाना बनाने के पश्चात भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित व सुनियोजित जवाबी हमले किए। टैक्नीकली इंस्टॉलेशंस कमांड एण्ड कंट्रोल सैंटर्स रडार साईट्स और हथियार भंडार को चुन कर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान, सुकूर, पश्चुनिया स्थित पाक सैन्य ठिकानों पर एयर लॉंच्ड सटीक हथियारों, लड़ाकू जैट से प्रहार किए गए। पसूर स्थित राडार साईट और सियालकोट का एविएशन बेस भी प्रसिजन एमोनिशन से टारगेट किए गए। इन कार्रवाईयों के दौरान भारत ने कम से कम कोलेट्रल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।*

गृह मंत्रालय–सलाह

केन्द्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज़ का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सायरन के नियमित इस्तेमाल से हवाई हमले के सायरन

के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इसे सामान्य बात समझ सकते हैं।

शहीद

जम्मू–कश्मीर के राजौरी में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में आज सुबह पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार कांगड़ा ज़िला निवासी मेजर पवन कुमार शहीद हो गए। वे कांगड़ा ज़िले की शाहपुर नगर पंचायत के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मेजर पवन कुमार की शहादत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता दी जाएगी। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी मेजर पवन कुमार की शहादत पर दुःख जताया है।

सीएम बैठक

भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर स्तर पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती ज़िलों में पड़ोसी राज्यों के अनुरूप ही प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

*आने वाले समय में जिस प्रकार की भी चुनौतियां हमारे दुश्मन देश से आएगी, हमने कहा है कि हम सब प्रकार से तैयार हैं। दो–तीन ड्रोन के शैल्स हैं, या मिज़ाइल के जो शैल्स हैं वो हमारे इंदौरा और उस बैल्ट में मिले हैं। तो हमने ये भी कहा है कि जैसे ही पंजाब में जो एस.ओ.पी. लागू होती है युद्ध की तरह वो नूरपुर और इंदौरा के सब डिवीजनों में दी जाए। डिप्टी कमिशनर से मैं संपर्क में हूं. जैसे–जैसे ये लड़ाई एस्कलेट होती है तो हमें क्या मईयर्स अपनाने चाहिए उस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं।*

मॉकड्रिल

कुल्लू ज़िले के भुंतर हवाई अड्डे पर आज एयर रेड मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि ज़िला में सभी विभाग व आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किसी भी

आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। इस बीच, कुल्लू ज़िले में सुरक्षा कारणों से समस्त नागरिक ड्रोन संचालन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ये प्रतिबंध आज मध्यरात्रि से प्रभाव में आएगा और अगले आदेश तक लागू रहेगा। उधर, ऊना ज़िले में जन सुरक्षा को देखते हुए ड्रोन उड़ाने और पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सोलन ज़िला प्रशासन ने भी आज शाम 8 बजे से साढ़े आठ बजे तक मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया है। इस दौरान संपूर्ण ब्लैकआउट रहेगा और दुकानें, व्यापारिक संस्थान और होटल व ढाबे बंद रहेंगे।

..............................................